आइआइएम रांची और एनएसडीसी आदिवासी उद्यमिता को देंगे बढ़ावा

रांची. आइआइएम रांची और नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनएसडीसी) सतत सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आदिवासी उद्यमिता को बढ़ावा देंगे. बुधवार को दोनों संस्थानों के बीच एमओयू की प्रक्रिया पूरी हुई. केंद्रीय स्किल डेवलपमेंट एंड इंटरप्रेन्योरशिप के सचिव अतुल कुमार तिवारी, आइआइएम रांची के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव, सीइओ एनएसडीसी वेदमणी तिवारी और विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत मौजूद थे. इस दौरान इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट के छात्रों ने आदिवासी बहुल इलाके में ग्रामीणों के रोजगार की संभावनाओं पर चर्चा की. इस अवसर पर प्रो गौरव मराठे और प्रो अंशुमन हजारिका मौजूद थे.

Prabhat Khabar_03.08.2023_Pg. 09